हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 जून 2024

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

11 शौर्य वंदन में 35 शहीदों के परिजनों का सम्मान



12 यूजी में दाखिलों को लेकर आवेदन करने का आज




# 1 जुलाई से आयुष्मान कार्ड वालों का इलाज नहीं करेंगे प्राइवेट अस्पताल, 6-6 महीने लटकती रहती है पेमेंट

## बिल में कटौती से परेशानी : आईएमए ने मार्च में भी दी थी चेतावनी, अब फिर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्राइवेट अस्पतालों में एक जुलाई से आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं किया जाएगा। कार्ड धारकों के इलाज के बाद सरकार द्वारा समय से पेमेंट नहीं करने से नाराज आईएमए ने यह फैसला लिया है। इस बारे में आईएमए ने स्पष्ट कहा है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक वे आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज शुरू नहीं करेंगे। इस चेतावनी के बाद सरकार और कार्ड धारक सकते में आ गए हैं। जुलाई से इलाज नहीं मिलने पर कार्ड धारकों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी होने वाली है। समाधान नहीं हुआ तो कार्ड द्धधारकों के लिए समस्या और बड़ी हो जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी मार्च में आईएमए ने आंदोलन किया था।

■ प्राइवेट अस्पतालों के निर्णय से मरीजों को हो सकती है परेशानी

**...समाधान नहीं हुआ** उस दौरान 17 से 31 मार्च तक कार्ड धारकों का इलाज नहीं करने की बात कही थी, लेकिन सरकार ने मोर्चा संभाला और आईएमए को मना लिया। लोकसभा चुनाव भी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने प्राइवेट अस्पताल संचालकों की समस्या का समाधान नहीं किया। आईएमए का कहना है कि सरकार टरका देती है, लेकिन कोई कदम नहीं उठाती। अब हम एक जुलाई से आयुष्मान कार्ड वालों का इलाज नहीं करेंगे।



### रोहतक में 36 अस्पताल

रोहतक के ऐसे 36 अस्पताल हैं जो सरकार की योजना आयुष्मान के पैनल में आते हैं, इन अस्पतालों में सैकड़ों मरीज आयुष्मान कार्ड से अपना इलाज करवाते हैं। अगले सप्ताह से इन सभी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं होगा। सभी अस्पताल संचालक एकजुट हो गए हैं और समाधान नहीं होने तक इलाज शुरू नहीं करने की ठान ली हे।

### समय पर पेमेंट नहीं

आईएमए के जिलाध्यक्ष डॉ. रविंद्र हुड्डा ने बताया कि केंद्र सरकार ने 2021 में आयुष्मान कार्ड के विभिन्न पैकेज की कीमतों में बढ़ोतरी की थी, लेकिन हरियाणा सरकार ने इन्हें लागू ही नहीं किया। मरीजों के इलाज में भारी भरकम खर्च आता है, ये रुपया अपनी जेब से भरते हैं, लेकिन सरकार द्वारा हमें अस्पतालों को समय पर पेमेंट नहीं की जाती। ऐसे में हम इलाज करने में सक्षम नहीं हैं।

### नहीं सुन रही सरकार



सरकार उनकी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। हम आयुष्मान कार्ड धारकों को परेशान नहीं करना चाहते, लेकिन अस्पताल संचालक कब तक बिना पेमेंट के इलाज करेंगे। सरकार को चाहिए कि योजना बनाई है तो उसकी पेमेंट समय से करे और समय समय पर उसमें हुए बदलाव को भी लागू करे। बहुत की समस्याएं हमारे सामने आ रही हैं, समाधान नहीं होने पर हमने 1 जुलाई से कार्ड धारकों का इलाज नहीं करने का फैसला लिया है।
**रविंद्र हुड्डा**, जिलाध्यक्ष, आईएमए, रोहतक

### पेमेंट में 30 से 90 प्रतिशत कटौती

अस्पाल संचालकों के अनुसार इलाज करने के बाद जो बिल बनाया जाता है, उसें 30 से 90 प्रतियात तक की कटौती बिना किसी कारण के कर दी जाती है। ऐसे में अस्पताल संचलक कब तक नुकसान झेलेंगे। इससे डॉक्टर गुस्से में हैं और आंदोलन का फैसला दोबारा लिया गया है। अगर अब भी सरकार ने समाधान नहीं किया तो इलाज शुरू नहीं करेंगे। कार्ड धारकों को होने वाली परेशानी की जिम्मेदर सरकार होगी।

### ये समस्या आ रही

आईएमए ने जो मांग पत्र तैयार किया है उसमें लिखा है कि सरकार और प्राइवेट अस्पतालों के बीच हुए एमओयू के हिसाब से भुगतान 15 दिन में हो जाना चाहिए नहीं तो उस पर ब्याज दिया जाना चाहिए। लेकिन ब्याज मिलना तो दूर की बात है, मूल भी नहीं दिया जाता। इसके अलावा सरकार ने बजट में पर्याप्त बढ़ोतरी नहीं की और 2-3 साल से अस्पतालों के बिल समय पर नहीं दिए जा रहे। बिना किसी ठोस कारण के बिल में कटौती कर ली जाती है।

### ये हैं मांगें

- पहले अप्रूवल देने के बाद भी भुगतान करते समय 50 से 90 प्रतिशत तक पैसा काट लिया जाता है। कटौती करने की प्रक्रिया पारदर्शी हो। पहले पास किए हुए केस में बिना किसी ठोस कारण के कटौती नहीं होनी चाहिए
- 6 साल से रेट में कोई भी बदलाव नहीं किया गया। कुछ बीमारी के इलाज के रेट कम भी कर दिए। केंद्र सरकार ने 2021 में जो बढ़ौतरी की थी वह लागू होनी चाहिए।
- मरीज की मरीज की छुट्टी होने के 15 दिन के अंदर भुगतान होना चाहिए। फिलहाल पेमेंट 3 से 6 महीने के बाद आ रही है। देरी से भुगतान पर ब्याज दिया जाना चाहिए। बिना कारण भुगतान न रोका जाए
- हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के इलाज की अनिवार्यता हटाई जाए

### इन अस्पतालों में नहीं होगा इलाज

- खुराना आई सेंटर
- प्रगति हॉस्पिटल
- एपेक्स प्लस सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
- एमआर मेमोरियल नव जीवन अस्पताल
- कायनोस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- ईश्वर आर्थोपेडिक और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट अस्पताल
- मानसरोवर अस्पताल
- मान मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- ईश्वर आई सेंटर
- ऑक्सीजन अस्पताल
- ओनिक्स स्टोन्स अस्पताल
- राठी नेत्र चिकित्सालय
- होली हार्ट एडवांस्ड कार्डिएक देखभाल एवं अनुसंधान केंद्र
- ऑस्कर अस्पताल
- तृप्ति अस्पताल
- एमके सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- एडवांटा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- तिरूपति मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- बजाज आई केयर अस्पताल
- संजीवनी प्लस अस्पताल
- जॉयलाइन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- वी केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डॉ. जलेस लाइफ केयर अस्पताल
- रोहतक कैंसर केयर अस्पताल
- आनंद नेत्र अस्पताल
- राठी नेत्र अस्पताल
- हरियाणा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- चौधरी अस्पताल
- जैन हॉस्पिटल एवं फर्टिलिटी सेंटर
- सिवाच संजीवनी अस्पताल
- श्री हॉस्पिटल रोहतक
- मेडस्टार मल्टी और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- नोबल हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- शिवम लिवर गैस्ट्रो सुपर स्पेशलिटी अस्पताल
- आई क्यू विजन प्राइवेट लिमिटेड
- बच्चों का हुड्डा अस्पताल, गोहाना अड्डा

## शहर में आज

- नगर निगम द्वारा शहर में नालों की सफाई की जाएगी सुबह 9 बजे से
- डीएसी और एसपी समाधान शिविर लगाएंगे सुबह 9 से 11 बजे तक
- पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा सुबह 10 बजे से
- राजीव गांधी विद्युत भवन में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जाएंगी सुबह 11 से 1.30 बजे तक

## खबर संक्षेप

### बीए संस्कृत की प्रवेश परीक्षा स्थगित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय 25 जून को निर्धारित चार वर्षीय बीए संस्कृत पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट से 50 प्रतिशत आवेदन कम आने के दृष्टिगत प्रवेश परीक्षा न आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पाठ्यक्रम संचालित किए जाने बारे निर्णय शीघ्र लिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने चार वर्षीय बीए संस्कृत पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किए थे, वे परीक्षा के लिए न आएं।

### दो शिक्षक मदवि एसी के सदस्य मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 13 के प्रावधानों के तहत एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोमलता शर्मा तथा एमडीयू-यूआईईटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा को शैक्षणिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि नियुक्ति तुरंत प्रभाव से दो वर्ष हेतु की गई है।

### कनिका ने जूडो मे गोल्ड मेडल जीता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की छात्रा कनिका ने करनाल के निसिंग में आयोजित जूडो स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. विनीता शुक्ला ने बताया कि सातवीं कक्षा की छात्रा कनिका ने एसडी मॉडल स्कूल, निसिंग, करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता- कुराश चैंपियनशिप 2024-25 में भाग लिया और अपने आयु वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रो. विनीता शुक्ला ने इस उपलब्धि के लिए छात्रा कनिका को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### निंदाना में मकान से नकदी व जेवर चोरी

**महम।** निंदान के एक मकान से नकदी जेवर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में निंदाना मोहम्मदपुर गांव निवासी सुनीता ने बताया कि वह और उसकी दो बेटियां सीमा व मुकेश अपने घर के एक कमरे में सोई हुई थी। एक शख्स उनके घर में घुस गया। जो कमरे में रखे एक पर्स से 17500 रुपए और दूसरे पर्स से 7400 रुपए और तीसरे पर्स से तीन चांदी के रुपए, एक जोड़ी कड़ुली, एक जोड़ी पाजेब, तीन चांदी की अंगूठी और दो जोड़ी चुटकी चोरी कर ले गया। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसने चोरी करने वाले शख्स को पहचान लिया है। जो कि निंदाना मोहम्मदपुर गांव निवासी सचिन पुत्र बलजीत है। आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में सचिन के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छोटूराम स्टेडियम में पहलवानों ने दिखाया दमखम



**रोहतक।** छोटूराम स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन सोमवार को कई रोचक मुकाबले हुए। 57 किलोग्राम भार वर्ग में चुलियाना अखाड़ा के मनीष प्रथम, भालौठ अखाड़ा के अजय दूसरे, 61 में इंद्रगढ़ प्रथम, 65 में मेहर सिंह अखाड़ा के सुरेंद्र प्रथम रहा।
...विस्तृत समाचार पेज 11 पर

### महिला पहलवानों ने जार्डन में जीते दो गोल्ड मेडल



**रोहतक।** जॉर्डन में आयोजित एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में जिले की दो महिला पहलवानों ने 2 स्वर्ण पदक जीत कर देश और प्रदेश प्रदेश नाम रोशन किया है। दोनों छोटूराम खेल स्टेडियम में अभ्यास करती हैं। गांव रिठाल निवासी दीपांशी ने अंडर-17 में 46 किलोग्राम भार वर्ग और गांव अस्थल बोहर निवासी मुस्कान 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। पदक जीतने पर दोनों के गांव और परिवारों और स्टेडियम में जश्न का माहौल है। इनके कोच मंदीप ने बताया कि जॉर्डन में एशियन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। 22 जून से शुरू हुई थी और 30 जून तक जारी रहेगी। पहलवानों ने अंडर 17 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। पदक जीतने के बाद दोनों पहलवान मंगलवार को घर लौटने पर शानदार स्वागत किया जाएगा। पहलवानों के घर बधाइयां देने वालों का तांता लगा रहा।

## आईआईएम के दाखिले में ओबीसी श्रेणी के आठ छात्रों को राहत

**रोहतक।** आईआईएम ने दाखिले में ओबीसी श्रेणी के 8 छात्रों को राहत दी है, तीन छात्रों के दस्तावेज नहीं पहुंचे। दस्तावेज जमा करवाने के बाद आईआईएम ने उन्हें दाखिला दिया है।

### आय को लेकर विवाद

बता दें कि आईआईएम में दाखिलों में ओबीसी श्रेणी का लाभ लेने के लिए परिवार की आय पर विवाद हो गया था। आईआईएम मैनेजमेंट ने कहा था कि नियमों के अनुसार ओबीसी कोटे में एडमिशन लेने के लिए 8 लाख से ज्यादा आय नहीं होनी चाहिए। ऐसे में करीब 11 छात्रों का दाखिला रोक दिया गया था। विवाद बढ़ा तो आईआईएम प्रशासन ने अभिभावकों को कागजात जमा करने के लिए चार दिन का वक्त दिया था। 24 जून को 13 में से 8 छात्रों ने इनकम और नियम संबंधी कागजात जमा करवा दिए। अभिभावक सोमवार को फिर संस्थान प्रबंधन से मिले। जो अभिभावक कागजात जमा नहीं करवा पाए उन्होंने शनिवार व रविवार को अवकाश होना कारण बताया।

## शीला बाईपास के पास कार ने चार गाड़ियों में मारी टक्कर, दो घायल

### महिला व बच्चा पीजीआई में भर्ती, चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली रोड पर शीला बाइपास के पास एक तेज रफ्तार कार ने चार गाड़ियों में टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला और एक बच्चा घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। वहीं, हादसे की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

- सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची
- हादसे के बाद यातायात बाधित हो गया

### ऐसे हुआ एक्सीडेंट

पुलिस को दी शिकायत में कार चालक आशीष ने बताया कि वह अपनी गाड़ी में दिल्ली रोड पर जा रहा था। उनकी कार के आगे गाड़ी चल रही थी। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण उनकी कार आगे वाली कार में भिड़ गई।

इसके बाद मेरे से आगे वाली कार अगली कार में जा लगी। इसी तरह चार गाड़ियां आपस में भिड़ गई। इस हादसे से एक महिला और एक बच्चा घायल हो गया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया।



**रोहतक।** हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

## प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय, नालों की सफाई में जुटे कर्मचारी, 30 तक काम पूरा करने के निर्देश

■ नगर निगम के आयुक्त कर रहे निगरानी ■ 49 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा में मानसून के एकाएक सक्रिय होने के बाद नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने नालों की सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने निगम के संयुक्त आयुक्त से सफाई कार्यों की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा बरसात शुरू हो गई हैं, इसलिए काम को जल्द पूरा किया जाए। इससे पहले 30 जून तक का समय दिया गया था। आयुक्त के आदेशों के बाद संयुक्त आयुक्त पूरे सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने टीम को प्रमुख व बड़े नालों की सफाई पहले करने के लिए निर्देश दिए हैं। निगम द्वारा चार टीमें सफाई के लिए गठित की गई हैं। इसके अलावा 49 लाख की लागत से दिए गए टेंडर के तहत ठेकेदार नालों की सफाई करवा रहा है। निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह ने बताया कि टीम द्वारा निरंतर नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है ताकि बरसात के समय जल भराव की समस्या न हो। नाला सफाई के कार्य की निरंतर निगरानी की जा रही है और प्रतिदिन इस कार्य में लगे अधिकारियों से रिपोर्ट ली जाती है। नालों की सफाई के पश्चात नालों से निकलने वाली गंदगी उठाने का कार्य भी साथ-साथ में करवाया जा रहा है ताकि गंदगी न फैले। निगम की अलग-अलग टीमों द्वारा नालों की सफाई के कार्य के साथ-साथ जीटी व छोटी नालियों की सफाई का कार्य भी करवाया जा रहा है ताकि उनके माध्यम से बरसात का पानी नालों में जा सकें।





उन्होंने आमजन से अपील की है कि घरों, दुकानों व संस्थानों से निकलने वाला कूड़ा कर्कट प्लास्टिक, कपड़ा, गत्ता, कागज आदि इधर-उधर न डालकर नगर निगम के घर-घर से कूड़ा लेने वाले वाहन में ही डालें क्योंकि आमजन द्वारा फेंका गया कचरा बरसाती नालों में जाने से नाले के जीटी बंद हो जाते हैं जिसके कारण उस क्षेत्र में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### यहां करवाई सफाई

निगम की टीमों द्वारा शौरा कोठी रोड, राजेन्द्रा कालोनी स्थित भिवानी रोड, छोटूराम चौक से कैनाल रैस्ट हाउस चौक, कमला नगर, किला रोड, गोहाना रोड, हुड्डा काम्प्लेक्स से छोटूराम चौक आदि स्थानों के नालों की सफाई करवाई गई।

### यहां दें शिकायत

इसके अतिरिक्त सफाई से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो उसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय के टोल फ्री नं 18001805007, 14420 व 8295900992 पर या स्वच्छ ऐप पर दर्ज करवाए। समस्या का निवारण तत्परता से किया जाएगा।

## बहलबा में खाली प्लॉट में रखे सामान में आग लगी

### दमकल विभाग की टीम ने काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव बहलबा में सोमवार सुबह एक प्लॉट में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण ग्रामीण एकत्रित हो गए और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान ग्रामीण भी आग पर काबू पाने में जुटे रहे। गनीमत रही कि प्लाट में रखी लकड़ियां और उपले जल गए, बड़ा हादसा नहीं हुआ। क्योंकि जिस जगह आग लगी, उसके बगल में एक घर है और आग घर की दीवार के पास थी। अगर आग घर तक फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग का पता चलते ही ग्रामीणों ने भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ पानी के टैंकर, ट्रैक्टर स्प्रे टैंक, जैली आदि की मदद से आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। इस दौरान ग्रामीण विनय अहलावत, उमेश, दिनेश, साहिल उर्फ लाला, भोलू, कृष्ण, जयदेव, सुभाष, राकेश, विकास आदि ने आग पर काबू पाने में मदद की। उन्होंने बताया कि आग चरण सिंह के प्लाट में लगी थी। जिस स्थान पर आग लगी, उसके पास से ही सड़क गुजरती है। हालांकि, आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

10

रोहतक, मंगलवार
25 जून 2024

हरिभूमि सहेली



अलर्टनेस / शिखर चंद जैन

## अच्छी हैं ये बुरी आदतें

अच्छा हासिल करने के लिए बुरी समझी जाने वाली आदतों के कुछ अंश हम अपना लें तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। वे कौन-सी बुरी आदतें हैं, जो हमारा हित कर सकती हैं, आप जरूर जानिए।

कहने को तो कुछ आदतें अच्छी नहीं कही जाएंगी, बुरी ही कही जाएंगी, लेकिन ये 'बुरी आदतें' हमारे लिए अच्छी साबित होती हैं, हमें अलर्ट रखकर लाभ पहुंचाती हैं। तो क्यों ना, इन आदतों को अपनाएं और लाभ उठाएं।

**इस मामले में हो जाइए आलसी:** अगर आप शेयर्स में इंवेस्ट करती हैं, अपने अच्छे-खासे पोर्टफोलियो में बार-बार बदलाव की कोशिश में रहती हैं यानी, दिनभर बार-बार शेयर्स लेती-बेचती हैं तो इस काम में आलसी हो जाइए। बहुत ज्यादा एक्टिव रहने की आदत त्याग दीजिए। बार-बार शेयर्स लेने-बेचने में सिर्फ ब्रोकर को फायदा होता है, आप इनके लॉन्ग टर्म प्रॉफिट से वंचित रह सकती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्ट्रांग कंपनियों के शेयर खरीदकर उनको लंबे समय तक रखने में फायदा है, आप इसकी आदत डालिए।

### थोड़ी सी प्राउडी बनें

लोग प्राउडी बनने से मना करते हैं, लेकिन आप जो कुछ भी काम करती हैं या प्रोफेशनल रूप से आप जो भी हैं, कामयाब हैं, उस पर आपको प्राउड भी करना चाहिए। अपने बिजनेस,



प्रोफेशन या अपनी एक्सपर्टाइज के बारे में आपको हर किसी को गर्व के साथ बताना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में जानेंगे और आपका काम बढ़ेगा। आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**कभी-कभी गुस्सा भी करिए:** हमेशा कूल माइंड रहने से काम नहीं बनता। लोग आपको सॉफ्ट टार्गेट समझने लगेंगे। अगर कोई वित्तीय संस्थान, ग्राहक, सप्लायर या कर्जदार आपसे वादा खिलाफी करता है तो आपको अपने तेवर दिखाने चाहिए। आपका इंश्योरेंस एजेंट, शेयर ब्रोकर और बैंक रिप्रेजेंटेटिव आपको बेवकूफ बनाने की कोशिश करे, तो उसके साथ जरा कड़क तरीके से पेश आएं, ताकि आपसे चीटिंग करने की उसकी हिम्मत न हो।

**जरा-सी लालची बनें:** पैसे कमाने, बचाने और इकट्ठा करने के मामले में आपको थोड़ा लालची बनना चाहिए। अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए या पैसे कमाने के लिए लालची होना जरूरी है। जब पैसों के प्रति आपका लालच खत्म हो जाएगा तो आपकी कमाने और बचाने की आदत कमजोर पड़ती चली जाएगी। इससे आप आर्थिक रूप से कमजोर हो सकती हैं।

**पॉजिटिव जेलसी करें:** कोई कुछ भी कमाए अपने को क्या! ये वैराग्य भाव आपको लक्ष्मी कृपा से वंचित कर सकता है। आपको अपने इर्द-गिर्द मौजूद सफल और समृद्ध लोगों से जेलसी करनी चाहिए, लेकिन यह पॉजिटिव रूप में हो। आपको उनकी वित्तीय आदतों को बारीकी से देखना-समझना चाहिए, उनसे बातचीत करके, उनसे मिलकर उनकी सफलता का सूत्र जानना चाहिए फिर उन आदतों को अपनाना चाहिए।

**जरा शक्की भी बनें:** अपने धन की सुरक्षा और निवेश के प्रति आपको थोड़ा सनकी और शक्की भी होना चाहिए। कहीं भी निवेश करने से पहले चार बार सोचें, चार लोगों से पूछताछ करें। इससे आप आर्थिक नुकसान की आशंका से बची रहेंगी।



कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

दूसरों की मदद करना, चिंता करना आपकी संवेदनशीलता का परिचायक है। लेकिन इसके चलते आप अपनी उपेक्षा करें, अपनी खुशियां मारें, आपके अपने जरूरी काम प्रभावित हों और आप हमेशा तनाव से घिरी रहें, ये आपके लिए सही नहीं है। इसलिए अनावश्यक चिंताओं से बचने के लिए कभी-कभी 'आई डोंट केयर' का भाव भी जरूरी है।

# करामाती है आई डोंट केयर

मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', 'मैं परवाह नहीं करती', 'आई डोंट केयर', ये सिर्फ शब्द भर नहीं हैं। ये हमारे जीवन को गति देने वाले वाक्य हैं। हर मीनमेख को अनदेखी कर आगे बढ़ते जाने का हौंसला देने वाली सोच है। इसे आजकल 'आइडीसी एटिट्यूड' भी कहा जाता है। आमतौर पर नकारात्मक समझे जाने वाले इंसानी व्यवहार के इस पक्ष के कई सकारात्मक पहलू भी हैं। हमें इसे जरूर जानना-समझना चाहिए ताकि हम एक शांत, तनावरहित जीवन जी सकें।

### ऊर्जा बचाती सोच

बहुत सी बातों और बर्ताव की अनदेखी सीधे-सीधे हमारी ऊर्जा बचाती है। कहते हैं कि जिस पल हम लोगों की परवाह करना बंद कर देते हैं, उसी पल से चीजें बेहतर होना शुरू हो जाती हैं। इसीलिए दूसरों को खुश करने की कोशिश में अपना समय बर्बाद करने के बजाय, उनकी आलोचना या मीनमेख निकालने की प्रवृत्ति को अनदेखा करना सबसे सही राह है। यूं भी यह जीवन सिर्फ दूसरों के मन-मुताबिक जीने के लिए नहीं है। जिंदगी, हर बार औरों को खुश करने की कोशिशों में जुटे रहने के लिए नहीं मिली है। समझना मुश्किल नहीं कि अपने हों या पराए, सहकर्मी हों या मित्र। अधिकतर लोगों को, उनकी बातें मानने, उनके अनुसार बर्ताव करने पर ही खुशी मिलती है। दूसरों को खुश रखने का यह फेर सबसे पहले खुद की खुशी छीनता है। इतना ही नहीं, खुद की अनदेखी का यह



व्यवहार मन-मस्तिष्क की ऊर्जा भी सोखता है। इसलिए दूसरों की खुशी के लिए अपनी ऊर्जा न नष्ट करें, अपनी खुशी न मारें।

### अपनी खुशी को अहमियत

कोई भी इंसान हर बार, हर हाल में सबको खुश नहीं रख सकता है। 'आई डोंट केयर' वाले अंदाज के साथ इंसान अपने आपको खुश रख सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि ऐसे लोग स्पष्टवादी बन जाते हैं। प्रतिक्रिया लेने या देने में कोई लाग-लपेट नहीं करते। अपनी नकली छवि बनाए रखने की कोशिश में समय नहीं गंवाते। लोगों की कही हर बात की परवाह करने वाला इंसान खुद की खुशी के लिए कुछ नहीं कर पाता। ऑस्ट्रेलियाई न्यायविद कैथरीन होम्स के मुताबिक, 'किसी चीज की परवाह करना, आपसे वह काम करवा सकता है, जो आपको नहीं करना चाहिए।' समझना मुश्किल नहीं कि हमेशा दूसरों के अनुसार चलने की सोच, अपने मन को खुशी नहीं दे सकती।

### आत्मविश्वास की सौगात

'आई डोंट केयर' की सोच को आमतौर पर नेगेटिव एंगल से देखा जाता है। जबकि यही सोच असल में जिम्मेदारी का भाव भी लाती है। अपने काम, अपनी सोच और अपने फैसलों के प्रति जिम्मेदारी लेने का मनोबल मिलता है। लोगों की टीका-टिप्पणियों पर गौर न करते हुए, जो रास्ता चुना है, उस पर भरोसे के साथ बढ़ते जाने का जज्बा आता है। 'मुझे कोई परवाह नहीं है' या 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', असल में बहुत सी नेगेटिव बातों के लिए मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर इंसान का सुरक्षा कवच भी बनता है। बात-बात में मन को ठेस पहुंचाने के हालातों में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। ऐसे में दूसरों की ऊल-जुलूल बातों की परवाह ना करना, आत्मविश्वास तो बढ़ाता ही है, अपने सपनों को भी गति देता है। इतना ही नहीं, यह सोच खुद को, दूसरों की जिंदगी में बेवजह दखल देने से भी बचाती है।

### जरूरी है एक संतुलित व्यवहार

आई डोंट केयर का यह मतलब नहीं कि हम दूसरों की परवाह बिल्कुल ना करें। दूसरों की परवाह करना गलत नहीं है, लेकिन इसके चलते अपने आपको भूल जाना गलत है। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि कई बार हम दूसरों की चिंता में तनाव से घिर जाते हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि दूसरों की मूल्यवान सलाह या परिवार-घनिष्ठ मित्रों की राय हमेशा नजरअंदाज करना भी सही नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दूसरे का ध्यान रखने के पीछे संवेदनशीलता और इंसानियत की सोच रहती है। जब भी, जिस परिस्थिति में भी किसी को सहायता की जरूरत होती है, संवेदनशील मन दूसरों की मदद करने में नहीं चूकता। बात-बात में खुद का मन ना दुखाने की सोच रखने वाले इंसान में अपनों की चिंता और परायों की परेशानी समझने का केयरिंग भाव भी कम नहीं होता। ऐसे लोग कभी किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते। साथ ही तकलीफ के दौर में साथ देने का भाव भी रखते हैं। इसलिए एक संतुलित व्यवहार रखना जरूरी है। इस व्यावहारिक सोच में स्वयं को बेवजह की परेशानियों से बचाने के साथ ही, औरों के मन को समझना भी जरूरी है।



बिहेवियर / मेघा राठी

## शिकायत सुनकर नाराज ना हों

रिश्तों में कभी-कभार शिकायत होना कोई बड़ी बात नहीं। अगर किसी संबंधी ने कोई शिकायत की है तो इसमें नाराज ना हों। शिकायत की वजह समझ कर अपने रिश्तों को बनाए रखना चाहिए।

यह गलत नहीं कहा जाता कि जब तक कोई शिकायत कर रहा है, तब तक यह मान कर चलिए कि उसका संबंध आपसे जुड़ा हुआ है और यदि वह शिकायत करना बंद कर दे तो समझ जाइए कि अब उसका जुड़ाव आपसे खत्म हो चुका है।

**समझें शिकायतकर्ता के मन की बात:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत करने वाला व्यक्ति हमसे संबंध बनाए रखना चाहता है, इसलिए वह अपनी बातें हमारे सामने रखना चाहता है। हो सकता है कि उसके कहने का ढंग गलत हो, लेकिन क्रोध, आवेग या अभिमान में शिकायत को अनदेखा-अनसुना करना या बहस करके व्यक्ति को चुप करा देना सही नहीं है। वर्षों पुराने अपने रिश्ते इतनी आसानी से नहीं खत्म किए जाने चाहिए। इनका मान रखना चाहिए।

**शिकायत का कारण समझें:** जब भी कोई शिकायत करे तो एक बार ठंडे दिमाग से शिकायत के कारण को समझने का प्रयास जरूर करें। जरूरी नहीं कि हम सही ही हों। हमारे नजरिए से जो काम या बातें सही लग रही हैं, वे दूसरे व्यक्ति को तकलीफ पहुंचा रही हों। शिकायत आने पर दूसरे पहलू को भी समझने का प्रयत्न करें, दूसरे व्यक्ति का पक्ष भी जानें, इसके बाद किसी निर्णय पर पहुंचें। जल्दबाजी में लिए निर्णय गलत भी हो सकते हैं, इससे बाद में हमें अपने निर्णय से पछतावा होगा।

### बातचीत का रास्ता ना करें बंद

क्रोध में आकर संबंधों को खत्म करने से बेहतर है कि हम शांतिपूर्ण बात का रास्ता अपनाएं। हो सकता है, शिकायत किसी भ्रम के कारण उपजी हो या शिकायतकर्ता स्थिति को समझने, स्वीकार करने में



असमर्थ हो। इन परिस्थितियों में बातचीत के माध्यम से शिकायत को दूर किया जा सकता है। अपने रिश्तों को बनाए रखा जा सकता है।

**शिकायत के उद्देश्य को समझें:** हमें यह समझना चाहिए कि शिकायत का उद्देश्य हमेशा गलत नहीं होता है, ना ही दूसरे व्यक्ति को नीचा दिखाना होता है। यदि उद्देश्य गलत नहीं है तो शिकायत को स्वयं के लिए सिरदर्द समझना या तनाव में आना उचित नहीं है। यहां यह समझना भी जरूरी है कि शिकायत के कारण उपजी झुंझलाहट, नाराजगी अधिक महत्वपूर्ण है या व्यक्ति से संबंध, इसके बाद ही निर्णय लीजिए कि किसका साथ देना है और किसका छोड़ना है? यह भी विचार कर लें कि कहीं हम ही अनजाने में बार-बार अपने संबंधी को शिकायत करने का अवसर तो नहीं दे रहे हैं।

**पॉजिटिव रुख अपनाएं:** शिकायतों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाया जाए तो यह हमेशा बुरी नहीं होती बल्कि यह हमें स्वयं के व्यक्तित्व विश्लेषण का अवसर देती हैं। साथ ही दूसरे व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी समझने का मौका भी देती है। इसको व्यक्तित्व विकास के एक पाठ के रूप में स्वीकार करना चाहिए, किंतु शिकायत का उद्देश्य यदि सही नहीं है, अपमान करना या हानि पहुंचाना है, तब ऐसी शिकायतों पर कठोर कदम जरूर उठाना चाहिए।

मेडिकल सजेशन
डॉ. अंशु जिंदल, स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रेग्नेंसी पीरियड में कुछ महिलाएं कूल्हों के दर्द से बहुत परेशान रहती हैं। इससे बचाव और राहत पाने के लिए यहां दिए जा रहे सजेशन बहुत यूजफुल हो सकते हैं।

# प्रेग्नेंसी में कूल्हों का दर्द ऐसे करें बचाव-उपचार

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनमें से ही एक है कमर या कूल्हे की हड्डी या दोनों पैरों के बीच में दर्द होना। कई बार तो इतना असहनीय दर्द रहता है कि चलने, उठने-बैठने में भी मुश्किल होने लगती है। यहां तक कि महिलाएं घर के काम भी आसानी से नहीं कर पाती हैं।

**दर्द का कारण:** ऐसे दर्द के कई कारण हो सकते हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में बहुत तेजी से शारीरिक बदलाव होते हैं। मांसपेशियां स्ट्रेच करने लगती हैं, लिगामेंट्स फ्लेक्सिबल होने लगती हैं। उनके गर्भ का आकार और भार धीरे-धीरे बढ़ रहा होता है, जिसकी वजह से उन्हें दर्द महसूस होता है। डिलीवरी का समय आने पर यह दर्द ज्यादा बढ़ जाता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव, कैल्शियम, प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों की कमी भी इस दर्द का कारण हो सकता है।

**बचाव के उपाय:** अगर महिलाएं कुछ बातों का ध्यान रखें तो वे प्रेग्नेंसी के दौरान कूल्हों में होने वाले असहनीय दर्द से बच सकती हैं।

- बहुत देर तक खड़े होकर कोई काम न करें। इससे गर्भ का भार नीचे की ओर



पड़ेगा और शरीर के निचले हिस्से यानी पेल्विक और कूल्हे के आस-पास दर्द ज्यादा बढ़ सकता है।
- कोई भारी-भरकम सामान न उठाएं या ऐसा काम न करें, जिसमें आपको 5 किलो से ज्यादा वजन उठाना पड़े।
- जहां तक संभव हो प्रेग्नेंसी के दौरान सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने से बचें।
- पोषक और संतुलित आहार का सेवन करें क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है। प्रोटीन ज्यादा मात्रा में लें। खाना सही समय पर, ताजा और घर का बना ही खाएं।
- कई मेडिकल एक्सपर्ट्स मानते हैं कि शरीर में दर्द का संबंध डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी से भी होता है। इससे बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा लिक्विड डाइट लेनी चाहिए, जैसे- विटामिन सी वाले फल, जूस, छाछ, नारियल पानी पीना फायदेमंद है।
- प्रेग्नेंट महिलाओं को कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए रोजाना सुबह-शाम दूध जरूर पीना चाहिए। डॉक्टर से परामर्श कर कैल्शियम सप्लीमेंट्स भी ले सकती हैं।

**ऐसे मिलेगा आराम:** कूल्हे के दर्द से राहत पाने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं कुछ बातों पर गौर कर सकती हैं।




- रोजाना नारियल तेल या फिर सरसों का तेल लगाकर हल्के हाथों से मसाज करना फायदेमंद है। अपनी क्षमता के अनुसार हल्की-फुल्की एक्सरसाइज या वॉक करें।
- सोते समय करवट लेकर सोना चाहिए और दोनों पैरों के बीच तकिया लगाकर सोएं। इससे यूटेरस और कूल्हों पर कम प्रेशर पड़ेगा। इसी तरह कुर्सी या सोफे पर बैठते समय पीछे तकिया लगाकर बैठें।
- यथासंभव वेस्टर्न टॉयलेट का इस्तेमाल करें, क्योंकि इंडियन टॉयलेट में नीचे बैठने पर दर्द बढ़ सकता है।
- झटके से उठना-बैठना अवॉयड करें। इससे दर्द बढ़ सकता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा



आपकी खूबसूरती तब और बढ़ जाती है, जब लिप्स सॉफ्ट-पिंक हों। लेकिन किसी वजह से अगर आपके लिप्स डार्क दिखने लगें तो आप कुछ इफेक्टिव होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।

# जब लिप्स दिखने लगें डार्क आजमाएं ईजी होम रेमिडीज



केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

तेज धूप, शरीर में पानी की कमी और बार-बार होंठों पर जीभ फेरने से कई बार इनका कलर डार्क दिखने लगता है। इसके अलावा शरीर में खून की कमी, अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ज्यादा चाय, कॉफी पीने से भी होंठ काले पड़ जाते हैं। यही नहीं ज्यादा लिपस्टिक लगाने से भी लिप्स का कलर डार्क हो सकता है। वजह कोई भी हो, डार्क लिप्स अच्छे नहीं लगते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ ईजी-इफेक्टिव होम रेमिडीज अपना सकती हैं।



**लिप्स स्क्रब :** डार्क लिप्स को सॉफ्ट और पिंक बनाने के लिए स्क्रब का यूज कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको आधा चम्मच मलाई में एक चौथाई चम्मच चीनी और आधा चम्मच नीबू का रस मिलाना होगा। इसे अच्छी तरह मिक्स कर होंठों पर हल्के से स्क्रबिंग करें।

**खीरे का जूस :** लिप्स कलर को ग्लोइंग बनाने में खीरा भी इफेक्टिव होता है। इसके लिए खीरे का जूस बनाकर फ्रिज में रख दीजिए। इस जूस को रुई की मदद से होंठों पर लगाकर छोड़ दें और कुछ समय बाद ताजे पानी से धो डालिए। खीरे में मौजूद विटामिन ए और सी होंठों के कालेपन को दूर करने में असरदार साबित होते हैं। खीरे का जूस एंटीऑक्सीडेंट्स और सिलिका रिच कंपाउंड्स से भरपूर होता है। ये कंपाउंड्स, पिगमेंटेशन को कम कर होंठों के डार्क कलर को लाइट करते हैं।



**नीबू-शक्कर पेस्ट ब्लीचिंग :** नीबू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो ब्लीचिंग की तरह काम करते हैं। इस गुण की वजह से होंठों के कालेपन को दूर करने में नीबू काफी मददगार होता है। एक कांच की कटोरी में एक चम्मच शक्कर और एक चम्मच नीबू के रस को मिला लें। शक्कर थोड़ी पिघल जाने पर इसमें आधा चम्मच शहद को मिला लें। इससे केवल अपने चेहरे को साफ कर लें और इसके बाद ताजे पानी से धोकर होंठों को सुखा लें। कुछ देर बाद केवल होंठों पर इस पेस्ट को लगाकर लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद होंठों को पानी से साफ कर लें और लिप बाम लगा लें। इसे रोजाना करने से आपके होंठों की रंगत में कुछ ही समय में असर दिखने लगेगा।



**हल्दी-मलाई पेस्ट :** हल्दी और मलाई का पेस्ट बनाकर रात में सोने से पहले होंठों पर हल्की-हल्की मसाज करें। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुण मौजूद होते हैं, जो होंठों के कालेपन के साथ, फटे होंठों की समस्या को भी दूर करते हैं। मलाई, होंठों को पोषण देकर इसकी रंगत को निखार देगी। रात के समय होंठों पर शुद्ध देसी घी लगाकर सोने से भी होंठ नरम और गुलाबी हो जाते हैं।

**एलोवेरा जैल :** एलोवेरा जैल भी होंठों को निखारने में कारगर है। दिन में कभी भी आप अपने होंठों पर एलोवेरा जैल लगा सकती हैं। एलोवेरा में एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो होंठों के रंग को डार्क होने से रोकता है।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

तपिश भरी गर्मी से राहत पाने के लिए बार-बार कुछ ठंडा खाने का मन करता है। इसीलिए हम आपको बता रहे हैं, आसानी से बनने वाली कुछ टेस्टी कुल्फी की रेसिपी।

# हॉट सीजन-चिल्ड कुल्फी

### आड़ू कुल्फी



**सामग्री:** पके आड़ू-2, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-6 बड़े चम्मच, ताजा क्रीम-2 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले आड़ुओं का गूदा निकालकर मिक्सी में पीसकर पेस्ट बनाएं। एक बर्तन में दूध को आधा रहने तक पकाएं। इसमें चीनी, आड़ू पेस्ट और मिल्क पावडर मिलाकर फेंटें। मिश्रण को कुल्फी के सांचों में भरकर 6-7 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। सांचों से निकालकर तुरंत सर्व करें।

### अंजीर-दही कुल्फी



**सामग्री:** सूखे अंजीर-4 (3-4 घंटे पानी में भीगे), चक्का दही-300 ग्राम, ठंडा दूध-आधा कप, बादाम चूरा-1 बड़ा चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, वनिला एसेंस-आधा छोटा चम्मच, कटे बादाम-2 छोटे चम्मच

**विधि:** भीगे अंजीरों को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। बादाम चूरा छोड़कर शेष सारी सामग्री इसके साथ अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड्स में डालकर 6 से 8 घंटों के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर कुल्फियों को मोल्ड्स से निकालें और बादाम चूरा बुरक कर सर्व करें।

### ब्लैक करेंट कीवी कुल्फी



**सामग्री:** ब्लैक करेंट (काले अंगूर) क्रश-2 बड़े चम्मच, कीवी क्रश-2 बड़े चम्मच, फुल क्रीम दूध-1 लीटर, मिल्क पावडर-2 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-4 बड़े चम्मच

**विधि:** पहले दूध को मोटे तले के बर्तन में उबालें और चलाते हुए आधा रहने तक पकाएं। इसमें पिसी चीनी और मिल्क पावडर मिलाएं और ठंडा करके दो भागों में बांट लें। एक भाग में एक बड़ा चम्मच पानी और कीवी क्रश मिलाएं, दूसरे में केवल ब्लैक करेंट क्रश मिलाएं। अब कुल्फी मोल्ड्स में कीवी मिश्रण आधा-आधा भरें फिर ब्लैक करेंट मिश्रण इनके ठीक बीच में डालें। इन मोल्ड्स को 7-8 घंटे के लिए फ्रिजर में रखें। जमने पर निकालें और काटकर सर्व करें।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 100 बुजुर्गों की जांच हुई

**रोहतक।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन के तत्वावधान में सेवानिवृत्त की बैठक निजी होटल में आयोजित की गई। मांगों पर चर्चा के बाद फोर्टिस अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री एमएल अरोड़ा ने बताया कि इसमें लगभग 100 बुजुर्गों की जांच हुई। उनके दिल की बीमारियों और हड्डी रोग संबंधी बीमारियों, ईसीजी, हड्डियों के घनत्व का परीक्षण, ब्लड शुगर की जांच हुई।

### नेपाल में अभिनय के रंग जमा कर लौटे हिपा नाट्यकर्मी

**रोहतक।** इंडो-नेपाल एकल नाट्य समारोह नेपाल में भाग लेकर हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के कलाकार सोमवार को रोहतक पहुंचे। कलाकारों ने नेपाल के पोखरा में तीन एकल नाटकों की प्रस्तुति दी। तीनों ही नाटकों का निर्देशन विश्वदीपक त्रिखा द्वारा किया गया।

### 3070 लाभार्थियों का निकाला ड्रॉ ऑफ लॉट्स

**रोहतक।** मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत आज अंत्योदय परिवार के 3070 लाभार्थियों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट के आवंटन का ड्रॉ निकाला गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑटोरियम में आयोजित एक भव्य समारोह में निकाले गए ड्रॉ ऑफ लॉट्स प्रक्रिया में जिला के अनुसूचित जाति से संबंधित, विधवा महिलाओं व घुमंतू जाति से संबंधित गरीब परिवारों को प्लॉट के आवंटन का ड्रॉ आयोजित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह की अध्यक्षता में गठित टीम की देखरेख में यह ड्रॉ निकाला गया।

### मधुमेह को कम करने के लिए हुई चर्चा

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा सोमवार को टाइप वन मधुमेह को नेविगेट करना, कार्बोहाइड्रेट गिनती में एक मास्टर क्लास, विषय पर ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. सिम्मी खरब ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रवीना ने की। डॉ. अंजली वर्मा ने मधुमेह के प्रबंधन में कार्बोहाइड्रेट गणना के महत्व को बताया। वेबीनार में मुख्य अतिथि पीजीआई में इसके निदेशक डॉ. एसएस लोहचब रहे।

### फैक्ट्री मालिक और स्टाफ ने सहायक निरीक्षक के फाड़े कपड़े

# भिवानी चुंगी के पास फैक्ट्री मालिक ने नाले की सफाई करने का काम रुकवाया

आरोप फैक्ट्री मालिक नाले में डाल रहा खतरनाक केमिकल, आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई, निगम की टीम कर रही है नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** भिवानी चुंगी के पास जेसीबी से सफाई करवाते हुए कर्मचारी, इसी जगह पर हुआ विवाद।

नगर निगम के कर्मचारियों के लिए सफाई कार्य करना भी आसान नहीं रहा। आमजन जहां उन्हें धमकाते हैं वहीं काम भी रूकवा देते हैं। ऐसा ही मामला सोमवार को भिवानी चुंगी के पास सामने आया। निगम ने नालों की सफाई के लिए अभियान छेड़ा हुआ है।

इसके तहत टीम भिवानी चुंगी के पास नाले की सफाई करवा रही थी। पास में ही स्थित फैक्ट्री के मालिक और स्टाफ ने टीम पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। इस दौरान हुए झगड़े में निगम के सहायक निरीक्षक के कपड़े भी फाड़ दिए गए। कर्मचारियों ने शिवाजी कालोनी पुलिस को शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार, शिकायत में नरेंद्र यादव ने बताया कि वह निगम में सहायक अधीक्षक है। इन दिनों मानसून को देखते हुए नालों की सफाई का कार्य चल रहा है। उनकी टीम भिवानी चुंगी के पास नाले की सफाई मशीन से करवा रही है। इस दौरान एक फैक्ट्री के रैंप तोड़ने पड़े। इस फैक्ट्री से भारी मात्रा में कैमिकल नाले में फेंका जा रहा है जिसकी वजह से कोई व्यक्ति उसकी सफाई नहीं कर रहा।

पिछले दिनों एक व्यक्ति के पैर नाले में पड़े कैमिकल की वजह से खराब हो गए थे। इसलिए जेसीबी का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि पहले मालिक ने आकर जान से मारने, नौकरी से हटवाने की धमकी दी। इसके बाद तेजधार हथियार के साथ उनके स्टाफ ने उन पर हमला किया। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन उनके कपड़े फाड़ दिए गए। सफाई कार्य रुकवा दिया गया। उच्च अधिकारियों को शिकायत देने के बाद पुलिस को शिकायत दी गई है।

उन्होंने फैक्ट्री मालिक पर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी निगम के सफाई कर्मचारियों और अन्य शाखाओं के कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले होते रहते हैं।

### निगम कर्मचारी से गाली गलौच

**रोहतक।** नगर निगम के सफाई कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में कर्मचारी दिनदयाल का कहना है कि वह माता दरवाजा के साथ ड्यूटी करता है। जब भी वह सफाई के लिए जाता है वहां नरेंद्र नाम का व्यक्ति रोजाना गाली गलौच करता है। वह उसे जातिसूचक गालियां देता है और धमकाता है। इसलिए उसका सफाई कार्य करना भी दुभर हो गया है। वह आरोपी से परेशान हो चुका है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।


**रोहतक।** छोटूराम स्टेडियम में कुश्ती में अपना दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी।

## 57 किलोग्राम में मनीष और 61 में शुभम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छोटूराम स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन सोमवार को कई रोचक मुकाबले हुए। 57 किलोग्राम भार वर्ग में चुलियाना अखाड़ा के मनीष प्रथम, भालौठ अखाड़ा के अजय दूसरे, 61 में इंद्रगढ़ प्रथम, 65 में मेहर सिंह अखाड़ा के सुरेंद्र प्रथम, 70 में मदीना के समीर प्रथम, भालौठ के रवि दूसरे, 74 में मोखरा के सोनू प्रथम, भालौठ के कुणाल दूसरे, 79 में रोहतक के हन्नी प्रथम, 92 में रामबीर अखाड़ा के चिराग प्रथम,97 में मेहर सिंह अखाड़ा के अमन प्रथम और इसी अखाड़ा के आदित्य दूसरे, 125 किलोग्राम में भगत सिंह अखाड़ा के अमन कुमार प्रथम और खरैंटी अखाड़ा के सुमित दूसरे स्थान पर रहे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान हासिल करने वाले पहलवान अब प्रदेश स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगे।

### मीठे पानी की छबील लगाई



**रोहतक।** झज्जर रोड पर सोमवार को जनता कॉलोनी स्थित ब्रह्मकुमारीज द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई गई। बीके सरला, बीके सरिता ने बताया कि गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है। सभी को इस समाजसेवा के कार्य में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर बीके प्रीती, बीके सविता, शिवनंदन आदि मौजूद रहे।

## लोस चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैला कर ली वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


**रोहतक।** जेजेपी के हल्का प्रधान राजन बोहत अपने साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल करवाते हुए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल।

पुराना बस स्टैंड के पास एक कार्यक्रम में जेजेपी के हल्का प्रधान राजन बोहत अपने साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रचार किया कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो भाजपा संविधान को खत्म कर देगी, लेकिन भाजपा की सरकार पिछले 10 वर्ष से केंद्र में शासन कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के दौरान संविधान को खत्म करने, आरक्षण खत्म करने जैसे झूठ फैलाकर लोगों के वोट तो हासिल कर लिए। लेकिन अब कांग्रेस की झूठ की पोल लगातार खुलती जा रही है। कांग्रेस ने 4 जून चुनाव के बाद लोगों के खाते में 8500 रुपये देने, एक लाख रुपये देने जैसे हथकंडे अपनाए। देशभर में महिलाओं के फार्म भरवाए। अब महिलाएं फॉर्म लेकर कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर रही हैं। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस के नेता पहले ईवीएम पर सवाल खड़े करते थे, लेकिन अब ईवीएम का मुद्दा गायब हो चुका है। जैसे 2014 व 2019 के चुनाव में हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम को लेकर झूठ फैलाया वैसे ही संविधान और आरक्षण को लेकर झूठ फैलाकर लोगों के वोट हासिल करने का काम किया। राहुल गांधी की दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब गांधी परिवार ने एक शब्द भी नहीं बोला था।

### पुरानी अनाज मंडी, माल गोदाम रोड का दौरा किया

कार्यक्रम के बाद पूर्व मंत्री ग्रोवर ने पुरानी अनाज मंडी और माल गोदाम रोड पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सफाई अभियान को चेक किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पूरी गंभीरता से सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करें।

## एसएफआई ने नीट गड़बड़ियों की जांच की मांग उठाई

- सुखपुरा चौक स्थित प्रभात भवन में शुरू हुआ स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


**रोहतक।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए पूर्व राज्य सचिव सुरेन्द्र सिंह।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) हरियाणा राज्य कमेटी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को सुखपुरा चौक प्रभात भवन में शुरू हुआ। पहले दिन कि सत्र की अध्यक्षता अमित ने की। जबकि संचालन राज्य सचिव मंजीत सिंह ने किया।

प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के दो बार छात्र संघ अध्यक्ष और एसएफआई हरियाणा के पूर्व राज्य सचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज के समय में छात्र छात्राओं के पास अपनी समस्याएं और मांगें उठाने का कोई मंच नही बचा है। प्रदेश में वर्ष 1996 से छात्र संघ चुनाव पर मनमाने तरीके से पाबंदी लगाकर जनतंत्र पर हमला किया गया। और आज तक भी छात्र संघ चुनाव पर रोक ज्यों की त्यों है। प्रदेश में अलग अलग समय पर छात्रों को चुनावों में वायदे किए जाते रहते है कि छात्र संघ चुनाव हरियाणा में करवाए जाएंगे। लेकिन आज तक भी इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल किसी भी सरकार करती नजर नही आई।

राज्य सचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि प्रदेश में भाजपा से पहले कांग्रेस, इनेलो, जेजेपी की भी सरकार रही। लेकिन छात्र संगज चुनाव पर सभी का रुख नकारात्मक रहा। जिससे छात्र छात्राओं को बेहद मुश्किल के दौर से गुजरना पड़ रहा है। भाजपा ने वर्ष प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाली की घोषणा की थी लेकिन ये भी एक प्रकार का जुमला साबित हुआ। एक कमेटी का गठन भी किया लेकिन आज तक कमेटी की रिपोर्ट तक पेश नही की गई। सिंह ने कहा कि भाजपा भी अन्य पार्टियों की तरह ही छात्र संघ चुनाव पर मात्र ढकोसले के कुछ नही कर रही। क्योंकि वास्तविकता यह है कि भाजपा भी अन्य पार्टियों की तरह ही है। जिसके खिलाफ छात्रों को अन्य तबकों का साथ लेकर लड़ाई लड़ते हुए छात्र संघ चुनाव बहाली करवाने का आह्वान किया। दूसरे सत्र में एसएफआई के पूर्व राज्य सचिव सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में देश में धर्म और जाति पर आधारित राजनीती की जा रही है।

## जाट संस्था का उप प्रधान निर्वाचित होने पर पूर्व सरपंच धर्मराज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम


**महम।** जाट संस्था रोहतक के नवनिर्वाचित उपप्रधान धर्मराज का खेड़ी महम गांव के शिवानंद आश्रम में फूल माला पहनाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत करते क्षेत्रवासी।

खेड़ी महम गांव के पूर्व सरपंच धर्मराज रोहतक जाट संस्था के उपप्रधान चुने गए हैं। रविवार को हुए चुनाव में धर्मराज ने जीत दर्ज की। धर्मराज नवनिर्वाचित प्रधान गुलाब सिंह दिमाना पैनल से उपप्रधान चुने गए हैं। सोमवार को अपने पैतृक गांव खेड़ी महम में पहुंचने पर पूर्व सरपंच एवं जाट संस्था रोहतक के नवनिर्वाचित उपप्रधान धर्मराज का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। सबसे पहले धर्मराज खेड़ी महम गांव स्थित धार्मिक स्थल औघड़ में पहुंचे। यहां पर उन्होंने बाबा की समाधि पर मत्था टेका। इस दौरान महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत की तरफ से भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। चौबीसी सर्वखाप पंचायत प्रधान सुभाष नंबरदार ने कहा कि रोहतक की जाट संस्था की गिनती देश की बड़ी संस्थाओं में होती है। आज तक महम चौबीसी से जाट संस्था में चौबीसी को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था। खेड़ी गांव के पूर्व सरपंच धर्मराज जाट संस्था के उपप्रधान चुने गए हैं। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह, एडवोकेट प्रदीप ढाका, राजेश गोयत, सतीश, बिल्लू ठेकेदार, महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत महासचिव मास्टर रामफल राठी आदि रहे।



### योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : डॉ. रीना सोनी

**रोहतक।** योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। योग जीवन का न सिर्फ अहम हिस्सा है बल्कि जीवन जीने का तरीका है। ये बात योग शिक्षिका डॉ. रीना सोनी ने कही। उन्होंने बताया कि पहला सुख निरोगी काया, इसलिए योग करें रोग भगाएं। डॉ. सोनी ने कहा कि रोग मुक्त शरीर योग से ही होता है, योग को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हम मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। योग करने से शरीर लचीला बनता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है।

## नेट-नीट की परीक्षाओं को लेकर छात्रों ने एमडीयू में जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


**रोहतक।** मदवि के केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर परीक्षाओं का विरोध प्रदर्शन करते छात्र।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय पर दिशा छात्र संगठन द्वारा नेट और नीट की परीक्षाओं के रद व स्थगित करने पर सोमवार को प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया। दिशा के विश्वविद्यालय संयोजक मनजीत ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) आज के समय छात्रों के बीच अपना भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है।

संस्था के अधिकारियों का लाखों छात्रों के भविष्य के प्रति कोई सरोकार नहीं रह गया है। पिछले कई साल से एनटीए की काबिलियत पर सवाल उठते रहे हैं। बिना अनियमितताओं के परीक्षा आयोजित कर पाने में यह संस्था बार-बार अयोग्य साबित हो रही है। हाल ही में एक ओर यूजी नीट की परीक्षा में आये दिन भ्रष्टाचार के नये-नये मामले सामने आ रहे हैं वहीं एनटीए ने पीजी नीट की परीक्षा को खुद ही स्थगित कर दिया। इसके साथ ही यूजीसी नेट की 18 जून को हुई परीक्षा को रद कर दिया गया वहीं सीएसआईआर नेट की परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया है। दिशा के प्रदीप ने कहा कि पेपर लीक के तमाम मामलों की तत्काल जांच करायी जानी चाहिए। परीक्षाओं में हर तरह के भ्रष्टाचार पर तुरन्त रोक लगायी जाये। प्रश्नपत्रों की छपाई निजी प्रेसों की जगह सरकारी प्रेसों के माध्यम से करवायी जानी चाहिए।

### 2 लाख खाली पड़े पदों को भरे सरकार

**रोहतक।** जयहिंद सेना सुप्रीमो नवीन जयहिंद सुप्रीम कोर्ट द्वारा सीईटी और सामाजिक आर्थिक के अंकों पर दिए फैसले के बाद सरकार पर बरसे। उन्होंने हुए कहा कि सीईटी भर्ती न होने से प्रदेश के लाखों युवाओं की आर्थिक और मानसिक परेशानी हो रही है । जयहिंद ने पूर्व मुख्यमंत्री के वायदे का जिक्र करते हुए कहा कि आज प्रदेश के युवा सीईटी की भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। सीईटी का ग्रुप 56-57, और सामाजिक आर्थिक अंकों का मामला पिछले कई महीनों से कोर्ट केस में उलझा हुआ है जिसे लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों अपना फैसला भी दे चुके हैं।

### सूचना

मैं, रामपाल पुत्र श्री जागेराम निवासी गांव खरक जाटान उप तहसील लाखन माजरा जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक व मेरी पुत्रवधु सुमन मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### कारगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# शौर्य वंदन में 35 शहीदों के परिजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




देश आगे बढ़ रहा है, क्योंकि हम सुरक्षित हैं। कोई हैं जो हमारी सुरक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाकर हमें खुली हवा में जीने की आजादी दे रहे हैं। इस बलिदान को याद रखते हुए आइए, हम भी दूसरों के लिए जीना सीखे। अपने परिवार के साथ समाज और देश की सेवा का जज्बा मन में रखें, तभी जीवन सार्थक होगा। परमवीर चक्र विजेता सूबेदार मेजर आनरेरी कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने यह बात सोमवार को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रोहतक की ओर से आयोजित शौर्य वंदन कार्यक्रम में शहीद परिवारों के सम्मान के दौरान कही। कारगिल विजय के 25वें वर्ष के तहत शौर्य वंदन कार्यक्रम राधाकृष्णन ऑडिटोरियम, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी में किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में भिवानी, हिसार, झज्जर, महेन्दरगढ़, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सोनीपत, जींद और नारनौल क्षेत्रों के 35 शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। परिजनों को 11-11 हजार के चेक, सम्मान पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में युद्धसेवा मैडल एवं सेना मेडल ब्रिगेडियर हरवीर सिंह भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि एलन के निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने शहीदों को नमन करते हुए परिजनों का सम्मान किया। शौर्य वंदन कार्यक्रम पूरे भारत में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सदानंद वाणी, रोहतक सेंटर हेड अभिषेक मिश्रा व अन्य सीनियर फैकल्टीज मौजूद रहे।

### इन शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

शहीद हनुमान सिंह, शहीद कंवरपाल सिंह, शहीद लक्ष्मण सिंह, शहीद नरेन्द्र सिंह, शहीद रणधीर सिंह, शहीद रियासत अली, शहीद साधुराम, शहीद जसवीर सिंह, शहीद संजय सिंह, शहीद विजय सिंह, शहीद विनोद कुमार, शहीद रविन्द्र, शहीद समुद्र सिंह, शहीद राजकुमार, शहीद बीरेन्द्र सिंह, शहीद रामकुमार, शहीद कृष्णलाल, शहीद शिवकुमार, शहीद उम्मेद सिंह, शहीद जसवीर, शहीद सुरेन्द्र सिंह, शहीद महावीर सिंह, शहीद आशीष कुमार, शहीद सुखबीर सिंह, शहीद अमरदीप,शहीद धर्मवीर सिंह, शहीद बिजय सिंह, शहीद जयप्रकाश सिंह, शहीद सुरेश कुमार, शहीद राजवीर सिंह (नायक), शहीद श्याम सिंह, शहीद राजवीर सिंह (हवलदार), शहीद सिद्धकाम, शहीद रामपाल एवं शहीद लाल सिंह के परिजन समारोह में शामिल हुए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 2
CHEMIST SHOP STAFF 2
PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

## खबर संक्षेप

### भैणी चंद्रपाल गांव का युवक लापता, केस दर्ज

**महम।** भैणीचंद्रपाल गांव से एक युवक के लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में जींद जिले के हथवाला गांव निवासी दीपक पुत्र जयबीर ने बताया कि वे दो भाई हैं और उनकी एक बहन है। उसके छोटे भाई का नाम संदीप है। उसका छोटा भाई संदीप उसकी बुआ कृष्णा पत्नी अतर सिंह के पास भैणी चंद्रपाल गांव में पढ़ाई करता था। 21 जून को वह इनके यहां से बिना कुछ बताए कहीं चला गया है।

### अब 30 जून तक लिए जाएंगे आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पीजी पाठ्यक्रमों, एलएलबी आनर्स तथा बीपीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की तिथि 30 जून तक बढ़ा दी है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा एमडीयू-सीपीएएस गुरुग्राम में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, एलएलबी ऑनर्स तथा बीपीएड पाठ्यक्रम में दाखिलों के लिए तारीख बढ़ाई दी।

### बैंक में पैसे छीनकर अज्ञात युवक फरार

**रोहतक।** एक युवक से बैंक में पैसे छीनकर अज्ञात युवक फरार हो गया। पानीपत जिला के ब्लाक मतलौडा जोशी गांव निवासी रिंकु ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 जून को माडल टाउन स्थित एचडीएफसी बैंक पैसे जमा करवाने के लिए गया हुआ था। उस समय रुपये जमा करवाने के लिए फार्म भरा तो युवक आया, जिसकों मैं नहीं जानता। फिर मेरा फार्म देखकर बताया कि आकाउंट बाहर का है। इसमें ज्यादा पैसे जमा नहीं हो सकते है। आरोपित ने मुझसे 51,180 रुपये ले लिए और फरार हो गया।

### कार्यशाला में दी पावर्ड टूल्स की जानकारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूजीसी-एमएमटीटीसी (पूर्व में फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर) के तत्वावधान में सोमवार को डेवलपमेंट ऑफ मूक्स छह दिवसीय शार्ट टर्म प्रोग्राम ऑनलाइन मोड में प्रारंभ हुआ। इस कार्यशाला में प्रथम सत्र में बीआर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रो. दीपक बिसला ने एआई पावर्ड टूल्स फॉर मूक्स डेवलपमेंट पर विशेष व्याख्यान दिया।

# यूजी में एडमिशन के लिए आज आवेदन करने का आखिरी दिन

## नेकीराम कॉलेज में अब तक बीबीए में सीट से दस गुणा ज्यादा आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

यूजी में दाखिलों को लेकर आवेदन करने का आज आखिरी दिन है। 26 जून को पोर्टल बंद हो जाएगा। इसके बाद पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। फिलहाल आवेदन के साथ साथ विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच चल रही है। जिसकी आखिरी तारीख 28 जून है। पहली फाइनल मेरिट सूची 3 जुलाई को जारी की जाएगी। इससे पहले प्रोवीजनल मेरिट लिस्ट 2 जुलाई को आएगी। वहीं छात्र अपनी रूची अनुसार पाठ्यक्रम में आवेदन कर रहे हैं। नेकीराम कॉलेज में बीबीए पाठ्यक्रम में सीट से 10 गुणा से ज्यादा आवेदन अभी तक आ चुके हैं। इस कोर्स में 60 सीट हैं और 671 विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। वहीं बीसीए में 120 सीट पर 1478 आवेदन, बीए में 720 सीट पर 4650 आवेदन आ चुके हैं। इसी तरह से आईसी कॉलेज में बीबीए में 60 सीट पर 207, बीसीए में 120 पर 432 छात्रों ने अभी तक आवेदन किया है। यानी इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की रूची ज्यादा है।




■ बीसीए में 120 सीट पर 1478 आवेदन, बीए में 720 सीट पर 4650 आवेदन आ चुके

### दस्तावेजों की जांच जारी

दाखिलों के लिए आवेदन करने के साथ साथ विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है। ये प्रक्रिया भी ऑनलाइन चल रही है। ऑब्जेक्शन लगाकर बच्चों को ऐसे दस्तावेज अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है, जो बच्चों ने आवेदन के दौरान अपलोड कहीं किए हैं । विद्यार्थियों को मैसेज, कॉल और इमेल भेजकर ये सूचना दी जा रही है। जरूरी दस्तावेजों के अपलोड होने के बाद ही विद्यार्थी का नाम मेरिट सूची में आएगा अन्यथा नहीं।

### 16 जुलाई को दोबारा खुलेगा पोर्टल

जो विद्यार्थी किसी कारणवश दाखिले के लिए आवेदन नहीं कर पाए उनके लिए पोर्टल 16 जुलाई से दोबारा खोला जाएगा। ताकि विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित न रहें। इसी के साथ ही 22 जुलाई तक ओपन काउंसलिंग भी जारी रहेगी। इस अवधि के दौरान 100 रुपये लेट फीस लगेगी।

### दूसरी मेरिट लिस्ट 10 को

दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को आएगी। 9 जुलाई को प्रोवीजनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। 10 से 12 जुलाई तक फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे।

### ओपन काउंसलिंग 15 को

ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई को होगी। पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम नहीं आएगा ऐसे विद्यार्थी इस काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे।

**नेकीराम कॉलेज**

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 720 | 4650 |
| बीसीए | 120 | 1478 |
| बीबीए | 60 | 671 |
| बीए इकोनोमिक्स मेजर | 60 | 163 |
| बीए इंग्लिश मेजर | 80 | 331 |
| ज्योग्राफी मेजर | 80 | 266 |
| हिंदी मेजर | 80 | 94 |
| हिस्ट्री मेजर | 80 | 177 |
| पॉलिटिकल साइंस मेजर | 80 | 355 |
| साइकॉलोजी मेजर | 40 | 192 |
| बी कॉम | 320 | 905 |

**आईसी कॉलेज**

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 800 | 2125 |
| बीसीए | 120 | 432 |
| बीबीए | 60 | 207 |
| बीए इकोनोमिक्स मेजर | 80 | 85 |
| बीए इंग्लिश मेजर | 80 | 181 |
| बीए हिंदी मेजर | 60 | 58 |
| साइकॉलोजी मेजर | 60 | 138 |
| बी कॉम | 440 | 415 |

# करंट से झुलसा बिजली कर्मी, 80 फीसदी जली हालत में दिल्ली रेफर



**रोहतक।** पीजीआई से इलाज के लिए अक्षय को दिल्ली लेकर जाते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक.

■ गांव रिठाल फोगाट के रहने वाले अक्षय के पिता अजीत ने लगाए गंभीर आरोप

सुखपुरा चौक स्थित बिजली वितरण निगम के पॉवर हाउस के ट्रांसफार्मर की रीडिंग लेने चढ़ा सहायक लाइनमैन बुरी तरह झुलस गया। बिजली निगम कर्मचारी लाइनमैन अक्षय को पीजीआईएमएम लेकर पहुंचे। लेकिन चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक अजय 80 प्रतिशत तक जला हुआ है।

गांव रिठाल फोगाट के रहने वाले अक्षय के पिता अजीत ने आरोप लगाए हैं कि जेई ने जबरदस्ती अक्षय को रीडिंग लेने के लिए ट्रांसफार्मर पर चढ़ाया। ट्रांसफार्मर पर चढ़ने से पहले बिजली सप्लाई भी जेई ने बंद नहीं करवाई। ऐसा अजीत सिंह ने कहा। इन्होंने बताया कि गत फरवरी में बेटे ने सहायक लाइनमैन के पद पर नौकरी ज्वाइन की थी। इनकी ड्यूटी शुरू दिन से ही सुखपुरा चौक स्थित पॉवर हाउस पर थी। सोमवार शाम को साढ़े चार बजे इनके करीब सहयोगी कर्मचारियों का फोन आया कि अक्षय करेंट लगने से झुलस गया है और उन्हें पीजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया। पिता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मैं पीजीआईएमएम पहुंचा तो देखा कि बेटा काफी ज्यादा झुलसा हुआ है। डॉक्टरों ने बताया कि 80 प्रतिशत जला हुआ है। और यहां इलाज होना संभव नहीं था इसलिए हम अब इलाज के लिए अक्षय को दिल्ली लेकर जा रहे हैं, ये पिता ने बताया है।

# पूर्व सैनिक संघ ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

## पूर्व सैनिक के साथ अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पूर्व सैनिक संघ ने सोमवार को पूर्व सैनिक के साथ सीआई द्वारा अभद्र व्यवहार करने को लेकर एसपी हिमांशु गर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने बताया कि हिसार बाइपास स्थित शास्त्री नगर निवासी हवलदार नरेंद्र सिंह 24 अप्रैल गांव सैंपल में अपने मामा के घर से रोहतक आ रहा था। इस दौरान खैरड़ी मोड़ के पास एक व्यक्ति ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। उन्होंने नीचे उतर कर पूछा कि भाई क्या बात है। इसके बाद उन्होंने 112 नबंर पर पुलिस को रिपोर्ट करने की बात हुई तो वह माफी मांगने लगा।

इसके बाद हवलदार नरेंद्र सिंह अपने घर आ गया। इसके बाद लगभग दो घंटे बाद सीआई स्टाफ रोहतक की टीम उनके घर पहुंची और नरेंद्र सिंह को बिना कुछ बताएं घर से ओल्ड आईटीआई के पास ले आए। उन्होंने यहां लाने का कारण पूछा तो पुलिस ने बताया कि खैरड़ी मोड पर आप एक व्यक्ति के 10 लाख रुपये और एक सोने की चेन लूट कर ले आए। हवलदार नरेंद्र ने उन्हें बताया कि मैं एक पूर्व सैनिक हूं। मैं ऐसा गलत काम नहीं कर सकता। मैंने कोई गलती नहीं की है। तब भी एक पुलिस कर्मचारी अभद्र व्यवहार और गाली गलौज करने लगा। इसके काफी देर बाद रात को एक बजे घर छोड़ गए और बुलाने पर पुलिस स्टेशन पहुंचने का आदेश दे गए। इस मौके पर पूर्व सैनिक कैप्टन जगबीर मलिक, कैप्टन सुखबीर सिंह अहलावत, हवलदार सिल्क राम लठवाल, हवलदार धर्मवीर खटकड़ आदि मौजूद रहे।



### युवक को धमकी देकर मांगे 50 हजार रुपये

**रोहतक।** मालगोदाम रोड स्थित एक युवक के धमकी देकर पैसे मांगने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। रघबीर जिंदल ने बताया कि वह अग्रसैन पार्क जनता कॉलोनी का रहने वाला हूं।

मेरी जरनल स्टोर की माल गोदाम रोड पर दुकान है। 22 जून को किशोर नाम का लड़का मोटरसाइकिल आया और मुझे धमकी दी कि आपने मेरे ऊपर मुकदमा दर्ज करवाया है। उस केस में मुझे जमानत करवाने में 50 हजार रुपये खर्च हो गए है।

खर्च हुए 50 हजार रुपये मेरे वापिस दिए जाए। अगर मुझे पैसे वापिस नहीं दिए तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

# एनएचएम कर्मियों का आंदोलन शुरू

## 27 तक रोज 1 घंटा काम नहीं करेंगे, 9 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन शुरू हो गया है। सोमवार को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। आज से 27 जून तक एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। 28 को डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोंपा जाएगा। 1 से 6 जुलाई तक हर जिले में गेट मीटिंग की जाएंगी, 7 जुलाई सीएम कैंप ऑफिस का घेराव और फिर भी मांगें पूरी नहीं हुई तो 9 जुलाई से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाएंगे।

**कर्मचारी संतुष्ट नहीं हुए :** संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 20 जून को एक प्रतिनिधिमंडल निदेशक मुख्यालय पर बातचीत के लिए गया था। लेकिन कर्मचारी संतुष्ट नहीं हुए। 21 को फिर बातचीत हुई लेकिन विफल रही। अश्वासन के अतिरिक्त कोई ठोस जबाव नहीं मिलने पर और इसे संघ ने नकार दिया। संघ ने बैठक में ही निदेशक को मांगों के समाधान के लिए 30 जून तक समय दिया और कहा कि आंदोलन मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा।




**रोहतक।** मांगों के लिए प्रदर्शन करते हुए एनएचएम कर्मी।

### ये हैं मांगें

- एनएचएम कर्मियों को पॉलिसी बनाते हुए नियमित किया जाए।
- एनएचएम को 7वें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए
- वर्दी भत्ता, कैशलैस मेडिकल, बढ़ी हुई सीएल, अर्जित अवकाश, ऐच्छिक स्थानांतरण, हड़तालों का कटा हुआ वेतन व अन्य वर्णित मांगें पूरी जाएं

### प्रवेश परीक्षा में 781 में से 173 अनुपस्थित रहे

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सोमवार को यूजी पाठ्यक्रमों बीसीए चार वर्षीय, बीए इकोनॉमिक्स चार वर्षीय, बीए लोक प्रशासन चार वर्षीय तथा बीए फाइन आर्ट्स चार वर्षीय पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बीसीए चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 781 अभ्यर्थियों में से 608 प्रवेश परीक्षा में बैठे व 173 अनुपस्थित रहे। बीए इकोनॉमिक्स चार वर्षीय में पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 143 अभ्यर्थियों में से 114 प्रवेश परीक्षा में बैठे व 29 अनुपस्थित रहे। बीए लोक प्रशासन चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 153 अभ्यर्थियों में से 110 प्रवेश परीक्षा में बैठे व 43 अनुपस्थित रहे। बीए फाइन आर्ट्स चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले 119 अभ्यर्थियों में से 85 प्रवेश परीक्षा में बैठे व 34 अनुपस्थित रहे। प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि 25 जून को यूजी पाठ्यक्रमों- बीए इतिहास चार वर्षीय तथा बीएससी जेनेटिक्स चार वर्षीय की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।




# शिविर में 90 लोगों ने किया रक्तदान

**ररोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल आंबेडकर चौक पर महंत बाबा प्रेम दास महाराज के आशीर्वाद से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 90 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी पप्पू हंस रहे। बाबा सुखा शाह महाराज ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। सभी रक्तदाताओं को बैच एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र कवात्रा, अनुज चावला, डॉक्टर तिलक राज भूटानी, अशोक कत्याल,, बलदेव मिड्डा, देवराज हुड्डा, अमित मक्कड़ आदि मौजूद रहे।

### सांसद जेपी की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण माफी मांगें: डॉ. संतोष दहिया



**रोहतक।** सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने कहा कि हिसार के नवनिर्वाचित सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी की चौधरी बंसीलाल की विरासत को लेकर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण। उनकी यह टिप्पणी कि देश पुरुष के नाम से चलता है, पुरुष प्रधान मानसिकता को दशार्ता है। किरण चौधरी या श्रुति चौधरी के कांग्रेस पार्टी छोड़ने के मामले में चौधरी बंसीलाल की विरासत पर उनका विवादित ब्यान इस बात का प्रमाण है कि वह महिलाओं को लेकर क्या सोच रखते हैं। डॉ. संतोष दहिया ने एक मीटिंग भी की और कहा कि जेपी को पूरे महिला समाज से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर सर्वप्रथम महिला मां पंचायत रोहतक की अध्यक्ष डॉ. निर्मल चौधरी, सरपंच अनिशा डांगी, सरपंच कविता मड़ोदी, रेखा रानी, कविता मलिक, अनीता हुड्डा चाहार, रोशनी देवी, सुमन देवी आदि मौजूद रही।



### बाल संस्कार शिविर संपन्न

**रोहतक।** सूर्या ग्रुप द्वारा 5 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य नियम, व्यायाम प्रशिक्षण, योग प्रशिक्षण, नृत्य, गायन, पर्यावरण सुरक्षा, समाजसेवा, प्रस्ताव लेखन, कहानी लेखन आदि की शिक्षा दी गयी। मुख्यातिथि समाजसेवी कृष्ण कलानौर व विशिष्ट अतिथि संजय पांचाल, महिपाल कटारिया, राहुल शर्मा, सुरेंद्र सिंह भाली रहे। जयबीर सिंह गहलोत ने बताया कि सूर्या ग्रुप लगातार शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में प्रयासरत है। महिपाल कटारिया ने कहा कि ये आयोजन हर वर्ष कई बार होने सर्वांगीण विकास के लिये बहुत जरूरी है। इस अवसर पर जयबीर सिंह, वजीर सिंह, राजेंद्र सिंह, वेदपाल, विकास सिद्धान्ति, विशाल लाहली, प्रधान रणबीर, प्रिंस, जितेन्द्र गहलोत, शक्ति, जोगेंद्र गद्दी खेड़ी, दीपांशु, भूप सिंह भाली, महेंद्र भाली, तुलसी, रामफल सिंह, महेश, अमित, सुशीला, शकुंतला, शशि, रूबी, मंजू आदि उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## लक्ष्मी चंद गुप्ता 21 महीने जेल में रहे, किडनी खराब हुई, व्यापार बंद हुआ

# आपातकाल का दिन याद करते ही खड़े हो जाते हैं रोंगटे: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

1975 की 25-26 जून की रात आते ही आज भी इंमरजेंसी की यादें ताजा हो जाती हैं। रोहतक के कई आंदोलनकारियों को जेल में डाल दिया गया। कई को आधी रात को ही पुलिस ने उठा लिया। यही नहीं रोहतक जेल में ही देश प्रदेश से अनेक आंदोलनकारियों को बंद किया गया था। इनमें से एक लक्ष्मी चन्द गुप्ता भी थे। गुप्ता ने रोहतक, करनाल, अंबाला, संगरूर, पटियाला ओर नासिक जैसी जेलों की यातनाएं भी सही। जेल में उनके साथी लाल कृष्ण आडवाणी, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर, पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल, बीजू पटनायक, डॉ. मंगल सैन, हरद्वारी लाल, मधु दंडवते, सिकंदर बक्त, मनोहर लाल सैनी, पीलू मोदी भी रहे। इमरजेंसी में लक्ष्मी चन्द गुप्ता 21 महीने जेल में रहे। 21 महीने के कारावास के बाद जब वो जेल से बाहर आए तो एक किडनी खराब हो चुकी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। अपने छोटे भाई प्रेम चन्द को भी खो चुके थे। कपड़े का थोक का व्यापार बन्द हो चुका था। परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने वकालत का सहारा लेना पड़ा था। गुप्ता ने अनेक आंदोलनों के चलते जेल में 26 बार यात्राएं की। बता दें कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था।



उनके बेटे विजय लक्ष्मी चन्द गुप्ता बताते हैं कि आपातकाल का काला दिन याद आते ही आज भी हमारे परिवार के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस दौरान कैसे अचानक आरएसएस के और देश भक्तों पर कहर बरपा था। आपातकाल के दिन हरियाणा में डॉ. मंगल सैन के बाद रात 2 बजे उनके दिल्ली बाईपास रोड स्तिथ खेत से पुलिस ने लक्ष्मी चन्द गुप्ता को गिरफ्तार किया। उस समय गुप्ता जनसंघ के प्रदेश महामंत्री थे।

**माता के कारण बचा कार्यालय :** लक्ष्मी चन्द गुप्ता बताते हैं कि आपात काल के समय एक समय ऐसा आया जब संघ कार्यलय पर कब्जा करने के लिए पुलिसकर्मियों को भेजा गया। जब पुलिस वालों ने संघ कार्यलय को घेरा तो उसी समय लक्ष्मी चन्द गुप्ता की माता भगवती देवी अपने साथ पांच भैसों को संघ कार्यलय में ले आई और पुलिसकर्मी एसएचओ चन्दू लाल को लताड़ने लगी। भगवती देवी ने कहा कि यह जमीन हमारी है। ज्ञात रहे कि उस समय यह जमीन लक्ष्मी चन्द गुप्ता और आनन्द स्वरूप के नाम थी और गुप्ता के यहां हर समय 4-5, भैंस रहती थी। इस तरह उनकी माता की वजह से संघ कार्यलय बचा।

### शिक्षकों को जेलो में डाल दर्ज किए केस

**रोहतक।** मेरे पिताजी रामदत्त (आरडी) शर्मा शिक्षक थे। जिले के कई स्कूलों में पढ़ाया और मिडिल स्कूल के हेड शिक्षक भी रहे। 1987 में फरल राजकीय स्कूल से रिटायर हुए। 1975 में इमरजेंसी के दौरान शिक्षकों की पेंशन और सरकार द्वारा दूर दराज के स्कूलों में तबादला करने के विरोध में आंदोलन हुआ। उस समय बंसीलाल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। मेरे पिता को कैथल शहर से गिरफ्तार करने के बाद पहले उन्हें जेल में रखा गया। इसके बाद अंबाला सेंट्रल जेल में डाल दिया गया। जहां 19 महीने तक जेल की सजा काटी। इस दौरान बिताए गए पलों के बारे में वे परिवार के लोग से बताते थे कि कैसे शिक्षकों के रोजगार को बचाने के लिए उन्होंने संघर्ष किया। सड़कों पर उतरे शिक्षकों को जेलो में डालकर केस दर्ज किए गए। मेरे पिता आरडी शर्मा चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनसे छोटे इंद्र दत्त शर्मा प्रोफेसर थे। उनसे छोटे ज्ञान दत्त शर्मा भी शिक्षक थे। इमरजेंसी के दौरान जब पिता आरडी शर्मा जेल में थे तब मेरी उम्र 7-8 साल थी, तब परिवार को दादाजी और चाचा जी ने संभाला था। 19 महीने बाद पिता जी को जेल से रिहा किया गया। जैसा कि आरडी शर्मा रामदत्त शर्मा के बेटे विजय शर्मा ने बताया

